देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 26 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
कास्ट सेंसस




# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 25 अप्रैल 2024




मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

74007.11

2 अमेरिका ने दी पाकिस्तान को धमकी

7 सचिन तेंदुलकर के महारिकॉर्ड

# कांग्रेस आपके बच्चों का हक छीन लेगी

## पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में विरासत टैक्स पर कांग्रेस पर साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की ओर से अमेरिका में विरासत टैक्स का हवाला देने और भारत में भी इस पर चर्चा करने की बात कही थी। इस पर विवाद तेज हो गया है और अब तो पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस बात को लपकते हुए चुनावी रैली में मुद्दा उठा दिया है। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस मरने के बाद भी टैक्स का बोझ लादना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक नेता ने कहा है कि मरने के बाद विरासत टैक्स लगाया जाएगा। इस तरह आपके बच्चों को मिलने वाली संपत्ति पर भी कांग्रेस की नजर है। पीएम मोदी ने कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो विरासत टैक्स लगाएगी, माता–पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी।

### सैम पित्रोदा का बयान गंभीरता से ले जनता

अमित शाह ने आगे कहा, मैं मानता हूं कांग्रेस पार्टी या तो अपने घोषणापत्र से इस बात को हटाए या स्वीकारें कि यही उनका मकसद है। मैं देश की जनता से भी अपील करता हूं कि वे इनके महत्वपूर्ण नीति निर्धारण करने वाली टीम के मुखिया सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से लें।



### कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी

पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता–पिता से मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी संपत्ति बनाते हैं वो आपके बच्चे को नहीं मिलेगी। उसे कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस का कहना है कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, ,शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो इन्हेरिटेंस टैक्स लगाएगी, माता–पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी।श उन्होंने कहा, जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत टैक्स का बोझ लाद देगी। पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें।

पीएम नरेंद्र मोदी के इस मसले पर बोलने से यह मामला तूल पकड़ सकता है। कांग्रेस को भी शायद यह बात समझ आ गई है और इसीलिए उसने सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ लिया है।

गौरतलब है कि सैम पित्रोदा ने अमेरिका का जिक्र करते हुए कहा था कि यहां पर विरासत टैक्स लगता है।

### बैकफुट पर आ गई कांग्रेसः अमित शाह

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी विरासत टैक्स का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। अमित शाह ने कहा, सबसे पहले घोषणापत्र, फिर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पुराना बयान कि हम देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का मानते हैं और अब इनके घोषणापत्र बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैम पित्रोदा का बयान कि संपत्ति के बंटवारे पर विचार होना चाहिए। जब प्रधानमंत्री मोदी ने यह मुद्दा उठाया तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस बैकफूट पर आ गई है कि उनका यह मकसद नहीं है लेकिन सैम पित्रोदा के बयान ने इनका मकसद स्पष्ट कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्नौज से अखिलेश ही लड़ेंगे, आज नॉमिनेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इटावा। समाजवादी पार्टी का गढ़ रही कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को अखिलेश कन्नौज सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। समाजवादी पार्टी के अनुसार गुरुवार की दोपहर 12 बजे अखिलेश अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले मुलायम परिवार के ही तेज प्रताप यादव को यहां से प्रत्याशी घोषित किया था।

### कोटक महिंद्रा बैंक पर आरबीआई का बड़ा एक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक पर बड़ा एक्शन लिया है। त्ठप् ने बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया है। इसके साथ ही नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी रोक दिया गया है। बता दें कि आरबीआई ने आईटी रिस्क मैनेजमेंट, इनफार्मेशन सिक्योरिटी ऑपरेशन में कमी को लेकर यह कार्रवाई की है।

# भारत में विरासत टैक्स लागू होः पित्रोदा

## पीएम मोदी के संपत्ति के बंटवारे वाले बयान के बाद सैम पित्रोदा ने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों में आरोप–प्रत्यारोप का दौर बना हुआ है। जहां कांग्रेस देश की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अमीरों के हित वाली पार्टी होने का आरोप लगाती रहती है। वहीं, भाजपा भी कांग्रेस पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रहती है। इस बीच, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी के संपत्ति के बंटवारे वाले बयान के बाद कुछ ऐसी मांग कर दी, जिसने भारत की राजनीति में हलचल मचा दी है।

हालाकि बाद में सफाई देते हुए पित्रोदा ने भाजपा पर पलटवार कहा, कौन कह रहा है कि 55 फीसदी छिन लिया जाएगा? किसने कहा कि ऐसा कुछ भारत में होना चाहिए? भाजपा और मीडिया इतनी परेशान क्यों है?

सैम पित्रोदा ने कहा, अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

### जयराम बोले- यह पार्टी का विचार नहीं

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की तरफ से भारत में विरासत टैक्स लगाए जाने की मांग वाले बयान से पार्टी ने ही पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि सैम पित्रोदा को खुलकर और आजादी से अपने विचार रखने का अधिकार है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि पित्रोदा के विचार किसी मुद्दे पर कांग्रेस का पक्ष हों। कई बार वे नहीं होते। पित्रोदा के इसी बयान को लेकर जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ष्वे मेरे और दुनिया में कई लोगों के अच्छे मेंटर, दोस्त और मार्गदर्शक रहे हैं। पित्रोदा किसी भी मुद्दे पर अपनी राय को स्वतंत्रता के साथ रख सकते हैं।

# मैं राजनीति से नहीं लूंगा संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कलबुर्गी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भावुक अपील करते हुए कलबुर्गी के लोगों से अपील की कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने उनके लिए काम किया है तो कम से कम उनके अंतिम संस्कार में शामिल हों।

खरगे ने कलबुर्गी की जनता से कहा कि अगर आप इस बार वोट देने से चूक गए तो मैं सोचूंगा कि मेरे लिए यहां कोई जगह नहीं है और मैं आपका दिल नहीं जीत सका। दरअसल, खरगे को यहां से 2009 और 2014 के संसदीय चुनाव में जीत मिली थी, जबकि 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, चाहे आप हमें (कांग्रेस) वोट दें या न दें? लेकिन अगर आपको लगता है कि मैंने कलबुर्गी के लिए कुछ किया है तो कम से कम मेरे अंतिम संस्कार में आएं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मेरा जन्म भाजपा, आरएसएस की विचारध्‍ ाारा को हराने के लिए हुआ है, न कि उनके सामने समर्पण करने के लिए। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति के लिए पैदा हुआ हूं। चाहे मैं चुनाव लड़ूं या नहीं, पर मैं आखिरी सांस तक संविधान, लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रयास करूंगा। मैं राजनीति से संन्यास नहीं लूंगा।

### अपील

■ कलबुर्गी में मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता से की भावुक अपील

### राधाकृष्ण डोड्डामणि बनाम उमेश जाधव

कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के अफजलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए 81 वर्षीय खरगे ने कहा कि अगर उन्होंने (लोगों ने) कांग्रेस प्रत्याशी को वोट नहीं दिया तो उन्हें लगेगा कि कलबुर्गी में अब उनके लिए कोई जगह नहीं है। बता दें कि कांग्रेस ने खरगे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को भाजपा के मौजूदा सांसद उमेश जाधव के खिलाफ कलबुर्गी से चुनावी मैदान में उतारा है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# एक वोट से विदेशों में भारत का डंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आया है कि इंडी गठबंधन में चर्चा चल रही है कि इंडी अलायंस वाले वन ईयर वन पीएम फॉर्मूला बना रहे हैं। यानी एक साल एक पीएम, दूसरे साल दूसरा पीएम, तीसरे साल तीसरा पीएम, चौथे साल चौथा पीएम, पांचवें साल पांचवां पीएम... ये पीएम की कुर्सी का भी ऑक्शन करने में लगे हैं।

### पीएम मोदी ने बता दी विपक्ष की पूरी पॉलिसी

पीएम मोदी ने कहा कि आपका आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी पूंजी है। जनता–जनार्दन, ईश्वर का रूप होती है और जब जनता–जनार्दन आशीर्वाद देती है, तो वह स्वयं ईश्वर का आशीर्वाद होता है। इन दिनों आशीर्वाद देने का एक ही तरीका है कि कमल का बटन दबाकर आप अपना आशीर्वाद मोदी तक पहुंचाइए। आपके एक वोट ने विदेशों में भारत का डंका बजा दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके एक वोट ने सीमा पर से हमें आंख दिखाने वाले दुश्मन के होश ठिकाने लगा दिए।

## न्यूज डायरी



### ब्रिटिश संसद से रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है। पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है। ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था। आखिर उसने मंगलवार तड़के निर्वाचित सदन कामंस सभा की प्रधानता स्वीकार कर ली। इससे पहले बीती सुबह पीएम सुनक ने आश्चर्यजनक रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर लार्ड सभा से रवांडा विधेयक को न रोकने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी रवांडा विधेयक को मानवाधिकारों के विरुद्ध मानते हुए रोक लगा दी थी।

### थाईलैंड दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बनाना चाहता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। आज के समय दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा है। लेकिन अब इससे भी बड़ी बिल्डिंग बनाने का प्लान किया जा रहा है, जिसके आगे बुर्ज खलीफा भी बौना लगेगा। यह महत्वाकांक्षी योजना थाइलैंड में आकार लेगी। इस विशाल इमारत को बैंकॉक में उसी कंपनी की ओर से बनाया जा सकता है, जिसने दुबई में रेकॉर्ड तोड़ने वाला टावर बनाया था। थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर चीनी और मध्य पूर्व की कंपनियों के साथ मीटिंग की डिटेल शेयर करते हुए घोषणा की। इस प्रोजेक्ट की सटीक ऊंचाई और लागत की स्पष्ट जानकारी नहीं है। लेकिन मेगास्ट्रक्चर कथित तौर पर बुर्ज खलीफा से दुनिया की सबसे ऊंची इमारत का खिताब छीन लेगा। इस टॉवर का नाम क्या होगा इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन एक ही टॉवर में ऑफिस, होटल और एंटरटेनमेंट हब शामिल होंगे। इस परियोजना में एक मनोरंजन केंद्र, कसीनो, एक बड़ा वित्तीय केंद्र और डिपार्टमेंटल स्टोर शामिल होगा। बुर्ज खलीफा को एम्मार ग्रुप ने बनाया था। एम्मार ग्रुप अब बुर्ज खलीफा से बड़ी बिल्डिंग बनाकर अपना खुद का रेकॉर्ड तोड़ सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के एक प्रवक्ता चाई वाचरोन्के ने बताया, श्रेथा ने उनके सामने एक चुनौती रखी कि वे यहां एक टावर बना सकते हैं, जो दुबई के टावर से भी ऊंचा हो। उन्होंने इस विचार को अस्वीकार नहीं किया है।

### रूसी महिला ने खोली पाकिस्तानियों की पोल, बताया कैसे-कैसे आते हैं मैसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में महिलाओं की स्थिति कितनी खराब है, इसका उदाहरण आए दिन देखने को मिल जाता है। पाकिस्तान में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की खबरें मीडिया का हिस्सा बनती रहती हैं लेकिन अब पाकिस्तानियों की हरकत से विदेशी महिलाएं भी परेशान हो गई हैं। पाकिस्तानियों की कुंठा का ताजा शिकार एक रूसी महिला हुई है। रूसी महिला के साथ पाकिस्तानियों ने जिस तरह की हरकत की है, उसने साबित कर दिया है कि सिर्फ पाकिस्तान का पासपोर्ट ही नहीं दुनिया में बदनाम है, बल्कि वहां के लोगों की मानसिकता भी उतनी ही खराब है। रशियन लड़की को देखते ही पाकिस्तान के लोगों ने उसे जिस तरह परेशान किया है उसने पाकिस्तानी लोगों की असलियत सामने ला दी है। महिला ने वीडियो बनाकर अपने साथ हुई आपबीती बयान की है। टिकटॉक पर मौजूद रूसी महिला ने वीडियो बनाकर बताया है कि पाकिस्तानी उसे किस तरह मैसेज भेजकर अपनी कुंठा दिखाते हैं। महिला ने बताया कि पाकिस्तान के लोग उसे मैसेज करके रूसी गर्लफ्रेंड दिलाने की बात करते हैं।

# भारत से सीखो... ईरान से दोस्ती पर अमेरिका ने दी पाकिस्तान को धमकी

## ईरान से रिश्तों की वजह से अमेरिका लगा सकता है प्रतिबंध

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिनों के पाकिस्तान दौरे के बाद वापस तेहरान लौट गए हैं, लेकिन रईसी की यात्रा ने अमेरिका को इस्लामाबाद से नाराज कर दिया है। रईसी का पाकिस्तान दौरा तब हुआ है जब ईरान और इजरायल के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका ने ईरान के ऊपर और ज्यादा प्रतिबंध लगाने की बात कही है, इस बीच तेहरान के लिए रेड कार्पेट बिछाने की वजह से पाकिस्तान के ऊपर भी वाशिंगटन का कहर बरप सकता है। अमेरिका ने पहले ही पाकिस्तान को ईरान से संबंध न बढ़ाने की चेतावनी दी है। पाकिस्तानी दौरे पर आये ईरानी राष्ट्रपति के एजेंडे में व्यापार शीर्ष पर रहा और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा हुई है। ईरान अपना व्यापार पाकिस्तान के साथ 10 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहता है, लेकिन विदेशी प्रतिबंध इसमें सबसे बड़ी बाधा है। आइए देखते हैं पाकिस्तान की जनता अमेरिका से लगने वाले प्रतिबंधों के खतरे को किस तरह से देखती है।

पाकिस्तान के यूट्यूबर सोहैब चौधरी ने अपने यूट्यूब चैनल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर ईरान के साथ इस्लामाबाद के रिश्तों पर आम लोगों से बात की है। अमेरिका की धमकी को लेकर पाकिस्तान में रहने वाले लोग जमकर जहर उगल रहे हैं। एक शख्स ने कहा कि हमें शर्म आनी चाहिए कि एक आजाद मुल्क होने के बावजूद हम अपने पड़ोसी से रिश्ते बनाने के लिए अमेरिका की इजाजत का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तानियों की हालत ये है कि हम अपने देश में मर्जी से वोट नहीं डाल सकते।

सोहैब चौधरी ने जब पूछा कि हम ईरान से तेल लेने में डर रहे हैं लेकिन हमारे पड़ोस में मौजूद भारत खुलकर खरीद आ रहा है। इस पर एक शख्स ने जवाब दिया कि भारत के नेता गैरतमंद हैं, जबकि पाकिस्तान के हुक्मरानों का जमीर मर चुका है। पाकिस्तान के नेता सिर्फ 4-5 साल हुकूमत करने के लिए देश के बारे में सोचना बंद कर देते हैं। इन्होंने पाकिस्तान की हर चीज बरबाद कर दी है, सब कुछ गिरवी रख दिया है।

कराची के रहने वाले अनवर अली नाम के एक शख्स ने कहा कि पाकिस्तान को ईरान का साथ देना चाहिए, क्योंकि वह हमारी तरह ही मुस्लिम देश है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी प्रतिबंधों के डर से पाकिस्तान अपने रिश्ते ईरान से कमजोर करता है तो ये हमारी गलती है। पाकिस्तान को अमेरिका से डरने की जरूरत नहीं है। अगर पाकिस्तान हिम्मत करके खड़े हो गया तो अमेरिका उसका कुछ नहीं कर सकता। इस्लामाबाद को डरने की जरूरत नहीं है।

## जलवायु परिवर्तन का एशियाई देशों पर असर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की सर्वाधिक आपदा प्रभावित क्षेत्रों को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। इसके अनुसार, 2023 में एशिया मौसम, जलवायु और पानी संबंधी खतरों से दुनिया के सबसे अधिक आपदा प्रभावित क्षेत्रों में से एक था।

भारत समेत एशिया के कई देश लू से भी प्रभावित रहे। बैंकाक में यूएन एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ और तूफान के कारण एशिया में सबसे ज्यादा मौतें हुईं और आर्थिक नुकसान हुआ है। यहां लू का प्रभाव और अधिक गंभीर पाया गया। 2023 में एशिया में 80 प्रतिशत से अधिक बाढ़ और तूफान की घटनाएं हुईं। द स्टेट आफ द क्लाइमेट इन एशिया 2023 नामक रिपोर्ट के मुताबिक, गर्मी में लंबे समय तक चलने वाली लू ने दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को प्रभावित किया। भारत में अप्रैल और जून में भीषण लू के परिणामस्वरूप लगभग 110 मौतें हुईं।

पिछले वर्ष एशिया के ज्यादातर हिस्सों में भीषण गर्मी रही। जबकि 2023 में तुरान तराई क्षेत्र में, हिंदू कुश, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों के निचले हिस्से (भारत और बांग्लादेश) समेत एशिया के कई क्षेत्रों में कम वर्षा हुई।



## जापान का चंद्रयान तीसरी बार हुआ जिंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान के चंद्रमा मिशन ने एकबार फिर कमाल कर दिया है। जापान का स्लिम लैंडर तीसरी बार जाग गया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बताया है कि बीते दिन को लैंडर के साथ एक बार फिर संपर्क हो गया। लैंडर ने इस दौरान चंद्रमा के सतह की तस्वीर खींची है। तीसरी बार चांद की सख्त ठंड में यह बचा रहा है। जापान पर जब चांद का स्लिम मिशन लैंड हुआ था, तब भी इसमें गड़बड़ी आ गई थी। यह कुछ इस तरह लैंड हुआ कि सोलर पैनल पर सूर्य का प्रकाश नहीं पड़ रहा था। इस कारण इसके लैंडर बिजली नहीं बना पा रहे थे। बुधवार को ट्वीट करते हुए लिखा, पिछली रात हम स्लिम के साथ एक बार फिर संपर्क करने में सक्षम हुए।

# हिजबुल्ला का इजरायल पर आक्रामक हमला, एक साथ दागे 35 रॉकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यरुशलम। ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए उत्तरी इजरायल में 35 राकेट दागे हैं। राकेटों हमले से उत्तरी इजरायल के सफेद शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए।

रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में युद्ध की शुरुआत के एक दिन बाद आठ अक्टूबर, 2023 से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच चल रही

### ■हवाई हमले के बजने लगे सायरन

सीमा पार लड़ाई में यह हिंसा नवीनतम थी। इजरायली सेना ने सोमवार को कहा कि इजरायली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में राकेट लांचरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया।

इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में दो बुनियादी संरचनाओं पर हमला किया था, जहां हिजबुल्ला लड़ाके मौजूद थे। उधर, खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल परिसर में 283 लोगों की सामूहिक कब्रें मिलने के दावे को इजरायली सेना ने खारिज कर दिया है। गाजा प्रशासन ने आरोप लगाया गया था कि इन लोगों को इजरायली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था।

इजरायल ने बीते दिन पूरे गाजा में हमले किए। इसे हाल के हफ्तों में सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। इजरायली बलों ने खासकर उत्तरी गाजा को निशाना बनाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार इजरायल यहां अपने सैनिकों को पहले ही उतार चुका है। उसने मंगलवार को हवाई हमलों के साथ टैंकों से भी मध्य और दक्षिण गाजा में गोले बरसाए। गाजा पट्टी के उत्तरी किनारे बेत हानून पर बीती रात भर टैंक से गोले बरसाए जाते रहे।

### संदेह में जर्मन ईयू सांसद का सहयोगी गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। जर्मनी के यूरोपीय संसद सदस्य के सहयोगी को चीन के लिए जासूसी के संदेह में जर्मनी में गिरफ्तार किया गया है। जर्मन अभियोजकों ने बताया कि जर्मन गोपनीयता नियमों के अनुरूप संदिग्ध की पहचान जियान जी. के रूप में की गई है। आरोपित को सोमवार को जर्मन के ड्रेसडेन में गिरफ्तार किया गया। डीपीए ने अज्ञात सुरक्षा स्त्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि आरोपित जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी अल्टरनेटिव फार जर्मनी के मैक्सिमिलियन क्राह का सहयोगी है। जर्मन नागरिक जियान जी. पर चीनी खुफिया सेवा के लिए काम करने का आरोप है। जर्मनी की गृहमंत्री नैन्सी फेसर ने कहा कि जासूसी के आरोप बेहद गंभीर हैं। चीनी की जासूसी के आरोप में जर्मन नागरिक की गिरफ्तारी पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि बीजिंग संबंधित पक्षों से आग्रह करता है कि वे गलत सूचना फैलाना बंद करें।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# स्ट्रांग रूमों में बनाई गई है त्री-चक्रीय सुरक्षा व्यवस्था

बैठक

## जिलाधिकारी ने स्ट्रॉग रूमों की मानिटरिंग पर की बैठक

संवाददाता



देहरादून। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में 01 टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से सम्पादर्नाथ महाराणा प्रताप स्पोट्स कॉलेज रायपुर में जनपद के समस्त 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के स्ट्रॉग रूमों के निरीक्षण/सीसीटीवी के माध्यम से मॉनिटरिंग संबंध में बैठक ली।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्ट्रांग रूमों में त्री-चक्रीय सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है, प्रथम चक्र में अर्धसैनिक बल, द्वितीय चक्र में पीएससी तथा तृतीय में नागरिक पुलिस तैनात है। साथ ही स्ट्रांग रूमों की सीसीटीव कैमरा से 24×7 घंटे निगरानी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अधिकृत कार्मिक/व्यक्ति/अभिकर्ता के अतिरिक्त कोई परिसर में प्रवेश नही कर सकता है। उन्होंने निर्वाचन प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने अधिकृत अभिकर्ताओं, के जिला निर्वाचन कार्यालय से आईडी जारी करवा लें, बिना आईडी के परिसर में प्रवेश नही दिया जायेगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से कहा कि यदि उनके कोई सुझाव हो तो वह भी साझा करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा, उप जिलाधिकारी हरगिरी गोस्वामी, निर्वाचन प्रत्याशी नवनीत सिंह गुसाई, बृज भूषण करनवाल, राम पाल सिंह, सरदास खान पप्पू एवं प्रत्याशियों के अभिकर्ता/प्रतिनिधि रितेश जोशी, दिगविजय सिंह, ए. के.जैन, राम कण्डवाल, सतेन्द्र सिंह नेगी, ओम प्रकाश सती, टिकम राउथान सहित संबंधित अधिकारी कार्मिक एवं अभिकर्ता उपस्थित रहे।

**पेयजल समस्या एवं पेयजल लीकेज की समस्याओं को लेकर की बैठक**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा विगत दिवस पेयजल समस्या एवं पेयजल लीकेज की समस्याओं को लेकर बैठक में त्वरित निस्तारण हेतु दिए गए, निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने पेयजल समस्याओं के निस्तारण हेतु निवारण कक्ष स्थापित करते हुए, शिकायत निवारण हेतु मो0 नंबर जारी किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पेयजल समस्याओं के सम्बन्ध में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के शिकायत निवारण कक्ष में मो० नं0 8979010101/9412038572/9456375256/9927057963/9557356265 में प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक पेयजल समस्या से अवगत कराया जा सकता है।

## न्यूज डायरी

### मैथ क्विज में शिवालिक व सागवान सदन अव्वल

**संवाददाता** देहरादून। द हैरिटेज स्कूल न्यू रोड में बुधवार को आयोजित जूनियर स्कूल मैथ क्विज अंतर सदनीय प्रतियोगिता में शिवालिक सदन एवं सागवान सदन ने अपने अपने वर्ग में जीत हासिल की। प्रतियोगिता में स्कूल को चारों सदनों के कक्षा दो से कक्षा पांच के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कक्षा दो से तीन के वर्ग में सभी से शानदार एवं रोचक सवाल किये गये और इस दौरान शिवालिक सदन के छात्र छात्राओं ने सर्वाधिक सवालों का बेकाकी से जवाब दिया और अपने इन बेबाकी सवालों के जवाब देने में सर्वाधिक अंक हासिल कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। वहीं कक्षा चार से पांच के एक अन्य वर्ग में सभी सदनों के छात्र छात्राओं से शानदार, रोचक और तथ्यपरक सवाल किये गये और इस दौरान बेहतर और शानदार प्रश्नों के जवाब देने के लिए सागवान सदन के के छात्र छात्राओं ने सर्वाधिक सवालों का उत्तर दिया और जिसके साथ ही सागवान सदन ने सर्वाधिक अंक हासिल किये और विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल की काउंसलर चारू चौधरी एवं प्रधानाचार्य डाक्टर अंजू त्यागी ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### बच्चों को उनके अधिकार बताए

**संवाददाता** भीमताल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की ओर से बुधवार को राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढुंगशिल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला। नवाब खान ने बच्चों को उनके अधिकार, कर्तव्य और स्कूली शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। इसके साथ ही विवाह, बाल श्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, घरेलू हिंसा आदि विषय में बच्चों को विधिक संबंधी जानकारी दी। शिविर में शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं में बारे में जागरूक किया

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक, ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। मनीष अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट- क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल - एचडीएफसी बैंक ने कहा कि "साइबर अपराध व्यक्तियों और संगठनों के लिए समान रूप से एक गंभीर खतरा है।

## मसूरी मालरोड पर वाहनों के प्रवेश का शुल्क दो से तीन गुना तक बढ़ाया

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल रोड पर स्थानीय लोगों को व्यक्तिगत और व्यवसायिक वाहन ले जाने पर वार्षिक शुल्क बढ़ाने का विरोध किया है। उन्होंने वाहनों का वार्षिक शुल्क कम करने की मांग की है। इसे लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मालरोड पर जाने वाले दुपहिया वाहनों और व्यावसायिक वाहनों को वार्षिक पास की धनराशि अत्यधिक बढा दी है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। बुधवार को मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम दीपक सैनी से मुलाकात कर शुल्क वृद्धि पर कड़ा एतराज जताया। पूर्व में निजी दुपहिया वाहन का वार्षिक शुल्क 500 रूपये लिया जाता था, परंतु अब शुल्क बढ़ाकर 1000 रूपये कर दिया है। निजी छोटे वाहन, चार पहिया का वार्षिक शुल्क 1000 रूपये से बढा कर 2000 रूपये कर दिया गया है। इसी के साथ ही मालरोड पर आवश्यक आपूर्ति करने वाले छोटे मालवाहन वाहनों का शुल्क भी 1500 रुपये वार्षिक से बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष भर में वार्षिक बढ़ोत्तरी आवश्यक होती है परंतु बढाई गई दरें न्याय संगत नहीं हैं।

ज्ञापन में मांग की गई है कि मालरोड पर जाने वाले स्थानीय लोगों के दुपहिया व चार पहिया वाहनों सहित माल वाहक वाहनों की जारी की गई दरों को कम कर 15 प्रतिशत बढ़ा कर स्थानीय नागरिकों को राहत दी जाय।




### स्ट्रांग रूम की निगरानी पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**संवाददाता** चमोली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के संबंध में गढवाल सीट पर चुनाव लड़ने वाले पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने इस संबंध में पार्टी प्रतिनिधियों से सुझाव लिए और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूमों की व्यवस्थाओं एवं निगरानी के संबंध में जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम थ्री लेयर सिक्योरिटी में रखी गयी हैं जिसमें पुलिस पीएसी एवं आईटीबीपी के जवान 24 घंटे तैनात हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी, आरओ भी प्रतिदिन स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हैं। उन्होंने पार्टी प्रतिधिनियों को प्रतिदिन भी स्ट्रांग रूम का विजिट करने को कहा। इस दौरान कांग्रेस के योगेन्द्र विष्ट, बीजेपी के डीपी पुरोहित,हिमेन्द्र रावत,अमित कुमार सहित सहायक निर्वाचन अधिकारी डीपी सती मौजूद रहे।

## बद्रीनाथ धाम की यात्रा शुरू होने से पहले सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश

संवाददाता



चमोली। बद्रीनाथ धाम की यात्रा तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को धाम का स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों को यात्रा शुरू होने से पहले सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को पर्याप्त संख्या में मैन पावर लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही यूपीसीएल, जल संस्थान व नगर पंचायत को धाम में बिजली, पानी की व्यवस्था और मार्गो को आवाजाही के लिए सुचारू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अराइवल प्लाजा, लूप रोड, आस्था पथ,शेषनेत्र झील, चिकित्सालय के साथ ही मंदिर परिसर व पुरोहित आवास में किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पीआईयू के अधिशासी अभियन्ता विपुल सैनी ने जिलाधिकारी को मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यो की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, बीकेटीसी के सीईओ योगेन्द्र सिंह,एसडीएम जोशीमठ चन्द्र शेखर वशिष्ठ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### एफआरआई क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

**संवाददाता** देहरादून। श्री नित्यानन्द स्वामी जन सेवा समिति की ओर से बुधवार को एफआरआई क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें अभिनेत्री चित्राक्षी रावत, अभिनेता ध्रुव आदित्य भागवानी ने तुलाज इंस्टियूट के छात्रों के साथ सफाई कार्य किया। उन्होंने सभी शहरवासियों को दून को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। चित्राक्षी ने कहा कि युवा वर्ग को समाज सेवा में रुचि लेते हुए श्रमदान जरूर करना चाहिए। तभी पर्यावरण को स्वच्छ रख पाएंगे। उन्होंने युवा संगठन जय के अध्यक्ष विनायक शर्मा स्वामी से आगे भी इस तरह के अभियान समय समय पर चलाने की बात कही। ताकि युवा समाज सेवा के लिए प्रेरित होते रहें। ध्रुव आदित्य भागवानी ने कहा कि देहरादून एक सुन्दर और हरियाली से भरा शहर है। जिसकी सुंदरता को बनाए रखने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।





# कास्ट सेंसस

**जातिगत जनगणना इस घोषणापत्र का अहम हिस्सा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी परीक्षा होनी है। माना जा सकता है कि अगर इस बार की वोटिंग में इस मुद्दे की खास भूमिका नहीं दिखती है तो बहुत संभव है कि आने वाले दौर में आरक्षण जैसे मुद्दे की राजनीतिक अहमियत कम होती नजर आए।**

गुलशन राय खत्री।।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी कर उन प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया, जहां उसके मुताबिक सत्ता पक्ष का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है और अगर मतदाताओं ने मौका दिया तो सत्ता में आने पर वह उन पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस लिहाज से कांग्रेस के इस 'न्याय पत्र' की कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं।

जातिगत जनगणना इस घोषणापत्र का अहम हिस्सा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी परीक्षा होनी है। माना जा सकता है कि अगर इस बार की वोटिंग में इस मुद्दे की खास भूमिका नहीं दिखती है तो बहुत संभव है कि आने वाले दौर में आरक्षण जैसे मुद्दे की राजनीतिक अहमियत कम होती नजर आए।

घोषणापत्र में कहा गया है कि 10 वर्षों का एनडीए शासन 10 साल के यूपीए राज के मुकाबले विकास दर की कसौटी पर कमजोर साबित हुआ है। यह केंद्र की बीजेपी सरकार के डिवेलपमेंट के नैरेटिव को चुनौती है। इन परस्पर विरोधी दावों की प्रामाणिकता के सवाल में उलझे बगैर यह देखना ज्यादा दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके दावे पर अपनी मुहर लगाते हैं। हालांकि, कुछ समय पहले हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही ओर से लोकलुभावन वादे हुए थे। तब अधिक लोगों का झुकाव केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की ओर दिखा।



कल्याणकारी घोषणाओं पर जोर देने के बावजूद कांग्रेस का यह घोषणापत्र ओल्ड पेंशन स्कीम पर चुप्पी साधे हुए है। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का इस पर जोर था। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में मिली कामयाबी के पीछे इस वादे की भी भूमिका बताई गई थी। लेकिन आर्थिक विशेषज्ञों की राय थी कि यह वित्तीय समझदारी के खिलाफ है। ऐसे में कांग्रेस ने अगर सोच–समझे ढंग से इस मुद्दे पर कदम पीछे खींचने का जोखिम उठाया है तो इसकी सराहना होनी चाहिए।

सत्तारूढ़ बीजेपी की नीतियों से खुद को अलग दिखाने के प्रयास में पार्टी ने उन विवादित मुद्दों से भी परहेज नहीं किया है, जो खास तौर पर हाल के वर्षों में राजनीतिक और चुनावी लिहाज से हानिकारक करार दिए जाने लगे हैं। उदाहरण के लिए पार्टी ने खानपान, वेशभूषा, भाषा और पर्सनल लॉ के मामले में अल्पसंख्यकों समेत सभी नागरिकों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की बात खास तौर पर कही है।

कुल मिलाकर, मुख्य विपक्षी दल के इस घोषणापत्र को इस मामले में साहसिक कहा जाएगा कि इसने नीतियों की वैकल्पिक दिशा स्पष्ट करने की कोशिश की है। अब इस पर वह वोटरों को कैसे और किस हद तक आश्वस्त कर पाती है यह देखने वाली बात होगी।

## घमंड



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** गुरु जी बहुत दिन से आप बोल रहे थे ना की तीर्थ यात्रा पर जाना है तो अब आप जाओ यहां तो मैं सब संभाल लूंगा। संत ने पूछा क्या संभाल लेगा? कमल दास बोला– बस यही मरे को जिंदा करना, बीमार को ठीक करना। ये तो सब अब मैं ही कर लूंगा। अब आप तो यात्रा पर जाओ जब तक आप की इच्छा हो। कबीर ने मन ही मन सोचा– चेले को सिद्धि तो प्राप्त हो गई है पर सिद्धि के साथ ही साथ इसे घमंड भी आ गया है। पहले तो इसका ही इलाज करना पड़ेगा बाद में तीर्थ यात्रा होगी क्योंकि साधक में घमंड आया तो साधना समाप्त हो जाती है। संत ने कहा ठीक है। आने वाली पूर्णमासी को एक भजन का आयोजन करके फिर निकल जाऊंगा यात्रा पर। तब तक तुम आस–पास के दो चार संतों को मेरी चिट्ठी जाकर दे आओ। भजन में आने का निमंत्रण भी देना। **शेष कल...**

# संपादकीय

## कई उपाय

जल संकट और अत्यधिक दोहन को कम करने के लिए कई उपाय हैं। आधुनिक तकनीकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिमोट सेंसिंग आदि का उपयोग करके पानी की खपत को मापा और सीमित किया जा सकता है। साथ ही, जल स्रोतों का विस्तार, जल दक्षता में सुधार, और जल संसाधनों की रक्षा करने से पानी की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। इसके अतिरिक्त बरीड क्ले पॉट प्लांटेशन सिंचाई जैसे तकनीकी उपायों का भी उपयोग किया जा सकता है जो पानी की बचत और फसल की उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं। अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जल संसाधनों की संरक्षा के लिए नीतियों में सुधार किया जाए और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का विस्तार किया जाए ताकि पानी की सटीक और सही खपत की सुनिश्चित हो सके। जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज के लिए वाटरशेड मैनेजमेंट एक अच्छा विकल्प है। जल संरक्षण की परंपरागत प्रणाली पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। नदियां बारहमासी बनी रहें, इस हेतु प्रयास अतिआवश्यक है। गांवों में जल बजटिंग और जल ऑडिटिंग की स्पष्ट रूपरेखा बनाने के साथ–साथ प्रत्येक क्षेत्र में एक जल बैंक स्थापित करना आवश्यक है। जल संरक्षण में भूजल वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। साथ ही समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए समय–समय पर संगोष्ठी एवं सेमिनार आयोजित किए जाने चाहिए। वर्तमान परिस्थिति में इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

गजब के दावे हैं इनके, कोई दैनिक आधार पर 20 प्रतिशत की रिटर्न का सब्जबाग दिखा रहा है, तो कई 60 प्रतिशत मासिक कमाई की एक तरह से गारंटी दे रहे हैं।

# बेतहाशा रिटर्न का दावा

उमेश्वर कुमार।।

शेयर बाजार में तूफानी तेजी है, जिसका कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती को बताया जा रहा है। जीडीपी की रफ्तार 8 प्रतिशत के दायरे में है। देशी–विदेशी रेटिंग एजेंसियां सिरे से इसकी तस्दीक कर रही हैं। रिजर्व बैंक का भी आकलन इसी के अनुरूप है। ऐसे में बड़ी कंपनियों के साथ छोटी कंपनियों के शेयर भी तेजी की लहर पर सवार हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर कथित सलाहकारों की फौज खड़ी हो गई है। गजब के दावे हैं इनके, कोई दैनिक आधार पर 20 प्रतिशत की रिटर्न का सब्जबाग दिखा रहा है, तो कई 60 प्रतिशत मासिक कमाई की एक तरह से गारंटी दे रहे हैं। फेसबुक, वट्सऐप और टेलीग्राम पर इस तरह के ग्रुप्स की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ के नंबर तो देश के हैं, लेकिन अधिकांश विदेश के। निवेशकों को फंसाने वालों की एक कैटिगरी ऐसी है, जो सलाह के नाम पर ठगी के लिए उतरी है। ये पहले निवेशकों को लुभाकर शुरुआती सौदों में उन्हें फायदा भी कराते हैं। जब निवेशक उन पर भरोसा करने लगता है, तब वे अपने ट्रेडिंग प्लैटफॉर्म से उन्हें निवेश कराते हैं और फिर उनकी रकम लेकर गायब हो जाते हैं।

दूसरी कैटिगरी है अपने सदस्यों की संख्या



बढ़ाकर शेयर के दाम को कृत्रिम तरीके से बढ़ाने वालों की। भारतीय शेयर बाजार में 'ऑपरेटरों' का यह खेल बरसों से चलता आया है। शायद कुछ लोगों को याद हो कि हर्षद मेहता के समय में एक कंपनी होती थी सिल्वरलाइन। 5–7 रुपये के इसके शेयर को 1300 रुपये के पार ले जाया गया, बाद में तीन रुपये में भी इसका कोई लेनदार नहीं था। अब तो कंपनी का नामोनिशान तक मिट गया है। इस तरह का खेल सैकड़ों कंपनियों के साथ हुआ।

कैसे होता था यह खेल? इसमें कंपनी एक छोटे ब्रोकर समूह को शेयर का भाव बढ़ाने का ठेका देती थी। इनकी बाजार के इन्फ्लुएंसर्स से मिलीभगत होती थी। तब सोशल मीडिया का जमाना नहीं था। जिस कंपनी के शेयर में खेल करना होता था उसके शेयर समूह से जुड़े लोग कम भाव पर पहले ही भारी मात्रा में खरीद लेते थे। फिर कंपनी से जुड़ी कुछ अच्छी खबरें बाजार में फैलाई जातीं। आम निवेशक अक्सर इस झांसे में आकर इनके शेयर खरीद लेते थे। जब दाम काफी ऊपर चला जाता तब समूह के शातिर अपने शेयर बेचकर निकल जाते और छोटे निवेशक इस जाल में फंसकर अपनी रकम गंवा बैठते।

ऐसा खेल तब ज्यादा होता था, जब बाजार में तेजी हो। ऐसे शेयरों की एक और पहचान यह है कि जब ये चलाए जाते हैं, तब इन पर लगातार कई दिनों तक अपर सर्किट लगता रहता है। जिस दिन सर्किट खुलता है, तब रिटेल निवेशक इनमें निवेश करते हैं। फिर कुछ और चढ़ने के बाद ऑपरेटर उनमें मुनाफावसूली करने लगते हैं। उस वक्त शेयर में लोअर सर्किट का सिलसिला शुरू होता है। इसलिए समय की कसौटी पर खरे उतरे अच्छी और मजबूत कंपनियों में ही निवेश करना चाहिए। बाजार में फंसने का मूल कारण लालच है और नटवरलाल ने भी कहा था कि जब तक लोगों में लालच है ठग भूखे नहीं मरेंगे।

### सूडोकू नवताल- 5205

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### दाम में तेजी लाना कितना आसान

**मोहन।** आज बाजार तेजी में है और ठगों के पास सोशल मीडिया जैसा शानदार मीडियम है। इनमें अधिकांश तो छुटभैये हैं, लेकिन कुछ बड़े नाम भी हैं, जिनके सदस्यों की संख्या मिलियन में है। सोचिए इनके लिए किसी शेयर के दाम में तेजी लाना कितना आसान है। एक तरह से वैसा ही खेल चल रहा है, जैसा कि सोशल मीडिया के आने से पहले चला करता था। सबसे पहले तो शेयर अपने चुने हुए प्लैटफॉर्म से अपने डीमैट खाते में खरीदें, भले ही उसकी सलाह कहीं से मिली हो। इससे आप उन ठगों से बच जाएंगे जो निवेश का झांसा देकर गायब हो जाते हैं। निवेश करने से पहले संबंधित कंपनी के बारे में अच्छी तरह रिसर्च करें। अगर आपके पास इसके लिए समय या सूझबूझ नहीं है तो बीएसई और एनएसई के विभिन्न इंडेक्स में शामिल कंपनियों के शेयरों में निवेश कीजिए। ये स्थापित कंपनियां होती हैं। इसलिए इनमें तुलनात्मक रूप से जोखिम कम होता है। शेयर बाजार निवेश के लिए है न कि सट्टेबाजी के लिए।





## कृष्णा अभिषेक की बीवी कश्मीरा ने गोविंदा को कहा अपना ससुर!

टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट आरती सिंह अपनी जिंदगी का नया चैप्टर शुरू करने जा रही हैं। उनकी शादी होने वाली है। हल्दी सेरेमनी हो चुकी है और 25 अप्रैल यानी दो दिन बाद वो नवी मुंबई बेस्ड बिजनेसमैन दीपक चौहान संग सात फेरे लेंगी। आरती और दीपक की शादी बहुत ठाठ–बाट से नहीं हो रही है। उन्होंने स्पेशल दिन के लिए एक खास जगह को चुना है। दोनों इस्कॉन मंदिर में सात फेरे लेंगे। इस दौरान आरती के करीबी, उनका भाई कृष्णा अभिषेक, उनकी वाइफ कश्मीरा शाह और मामा गोविंदा भी शामिल होंगे। कश्मीर ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में कहा कि वो आरती की शादी में गोविंदा के आने की उम्मीद है और वो अपने ससुर से मिलने के लिए एक्साइटेड हैं।गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच जुबानी जंग हुई थी। इस जंग में कृष्णा की बीवी कश्मीरा और गोविंदा की वाइफ सुनीता भी कूद गई थीं, जिसके बाद ये विवाद और ज्यादा बढ़ गया और इसके बाद परिवार में दरार आ गई। कश्मीरा का कहना है कि ननद आरती सिंह की शादी में कड़वाहट से आगे बढ़ने और री–यूनियन का मौका है। उन्होंने कहा, श्हो सकता है कि वो हम पर गुस्सा हों, लेकिन वो आरती पर गुस्सा नहीं हैं। और ये कृष्णा की शादी नहीं है। अगर वो हमारी शादी में नहीं आ रहे होते तो समझ जाते कि वो हमसे नाराज हैं, लेकिन आरती दिल से चाहती है कि गोविंदा उनकी शादी में शिरकत करें। मैं उनसे रिक्वेस्ट करूंगी कि वो आरती के लिए आएं और हमारा गुस्सा उस पर ना निकालें।

## दिल तो पागल है में माधुरी दीक्षित से डर गई थीं मनीषा कोइराला

37 साल पहले शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर स्टारर मूवी रिलीज हुई, दिल तो पागल है। उस जमाने में इस फिल्म ने सफलता के झंडे गाड़ दिए थे। गानों के साथ–साथ डायलॉग तक सबको रट गए थे। क्या आप जानते हैं कि यश चोपड़ा की इस फिल्म में करिश्म कपूर की जगह यश चोपड़ा मनीषा कोइराला को कास्ट करना चाहते थे। उन्होंने एक्ट्रेस को ऑफर भी दिया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। मनीषा को बाद में अपने इस फैसला का बहुत पछतावा हुआ। मनीषा के इस फैसले की वजह माधुरी दीक्षित थीं। मनीषा कोइराला को संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में देखा जाएगा। ये शो 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस बीच मनीषा ने अपनी इनसिक्योरिटी के कारण फिल्म गंवाने का एक चौंकाने वाला खुलासा किया। वो ये भी मानती हैं कि ये मूवी उनके करियर का टर्निंग प्वॉइंट साबित होती, लेकिन गलती से लिया गया ये फैसला उन पर भारी पड़ गया।

## धर्म की रक्षा के लिए खूंखार खिलजी से भिड़ गए थे 51 गांव वाले



इतिहास के पन्नों को खंगालती गुजराती फिल्म कसूंबो अब हिंदी में रिलीज होने वाली है। फरवरी महीने में रिलीज हुई इस फिल्म ने गुजराती सिनेमाघरों में खूब धूम मचाई है। ऐसे में अब तैयारी हिंदी के दर्शकों के दिलों पर राज करने की है। मेकर्स ने इसका हिंदी ट्रेलर रिलीज कर दिया है। कसूंबो एक ऐतिहासिक महाकाव्य है, जो 13वीं शताब्दी की कहानी सुनाती है। कहानी खूंखार अलाउद्दीन खिलजी से टक्कर लेने वाले गुजरात के उन 51 जाबांज गांव वालों की है, जिन्होंने अपने सम्मान और धर्म की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दी थी। पेन स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म अगले महीने 3 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजयगिरी बावा के डायरेक्शन में बनी कसूंबो उस दौर की बानगी है, जब अलाउद्दीन खिलजी की महत्वाकांक्षा चरम पर थी। वह पूरे भारत को जीतने की लालसा लेकर आगे बढ़ रहा था। उसके अत्याचार के सामने वीरता की यह एक ऐसी कहानी है, जो युगों–युगों तक गूंजती रहेगी। कसूंबो आदिपुर के नेता दादू बारोट और उनका साथ देने वाले 51 ग्रामीणों की सच्ची कहानी है, जो अपने गांव के मंदिरों को बचाने और सनातन संस्कृति की महिमा को बनाए रखने के लिए खिलजी की सेना से भिड़ गए थे।

# क्या शोभिता धूलिपाला के साथ छुट्टियां मना रहे हैं नागा चौतन्य?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*नागा चैतन्य और शोभिता धूलीपाला एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं, ये बात किसी से छिपी नहीं। हर कोई इस बात से वाकिफ है। वो बात अलग है कि कपल ने कभी खुलकर इस पर कुछ कहा नहीं है। दोनों साथ में घूमते हैं, फिरते हैं लेकिन कभी फोटोज पोस्ट नहीं करते। एक ही जगह से अकेले–अकेले तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। इस बार भी दोनों ने ऐसा ही किया, जिसके बाद फैन्स ने पकड़ लिया।*

**सामने आई तस्वीरों से फैन्स ने लगाई अटकलें**

सामंधा रुथ प्रभु से अलग होने के बाद नागा चैतन्य ने शोभिता धूलीपाला को डेट करना शुरू कर दिया। उन्हें एक बार विदेश में साथ देखा गया था। एक कैफे से फोटो वायरल हुई थी। अब दोनों महाराष्ट्र के वाइल्डलाइफ रिजॉर्ट में छुट्टियां मनाने पहुंचा है। दो दिन पहले एक्ट्रेस ने कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं, जिसमें वह सफारी करती हुई दिख रही थीं। जिसके बाद तस्वीर पर कमेंट करते हुए लोगों ने पूछा कि क्या आप नागा चैतन्य के साथ हैं?

**शोभिता के साथ हैं नागा चैतन्य?**

इसके बाद नागा चैतन्य ने भी इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया, जिसमें वह भी सनसेट के साथ नजर आ रहे थे। बैकग्राउंड देखकर लोगों ने यही कयास लगाया कि फोटो उसी लोकेशन की





है, जहां से शोभिता ने अपलोड की थी। इतना ही नहीं, शोभिता ने फौरन इस पोस्ट को लाइक भी किया, जिससे फैन्स का शक इनके रिश्ते को लेकर और भी गहरा हो गया। लोगों ने इनके भी पोस्ट पर पूछा कि साथ में शोभिता तो होंगी ही।

**नागा चैतन्य की आने वाली फिल्म**

बताया जा राह है कि नागा चैतन्य हाल ही में अपने भाई अखिल की बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद दुबई से हैदराबाद लौटे हैं। अब वह कथित गर्लफ्रेंड शोभिता धूलिपाला के साथ वेकेशन पर जाते नजर आ रहे हैं। एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिलहाल आई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं। अब वह चंदू मोंडेती की डायरेक्टेड फिल्म थंडेल में नजर आएंगे।

# ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना की डेब्यू फिल्म पोस्टपोन

*ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की डेब्यू फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड इसी साल 24 जून 2024 को रिलीज होनी थी, जिसमें उनके साथ रोहित सराफ नजर आ रहे हैं। इंडिया टुडे की लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है क्योंकि मेकर्स को इसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स नहीं मिल रहे हैं।*



बताया जा रहा है कि इस फिल्म को लेकर पेंडेमिक के दौरान अनाउंसमेंट हुई थी और इसे लेकर काफी चर्चा भी हो रही थी। अब मूवी बिजनेस को लेकर जिस तरह के हालात दिख रहे हैं ऐसे में इसे खरीददार मिलने में काफी चौलेंजेज का सामना करना पड़ रहा है। ये फिल्म पूरी तरह से तैयार होने के बावजूद भी इसे रिलीज करने में देरी हो रही है क्योंकि डिस्ट्रीब्यूटर्स इसे थिएटर में रिलीज करने को लेकर बिल्कुल इंटरेस्ट नहीं दिखा रहे हैं।

**फिल्म रिलीज करने से बच रहे एग्जिबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स**

हाल के समय में कई सारी फिल्मों का जो परफॉर्मेंस रहा है उसे देखकर एग्जिबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स सतर्क रहना चाह रहे हैं। मेकर्स इसे ओटीटी पर दर्शकों के लिए परोसने से पहले सिनेमाघरों में लिमिटेड रिलीज का ऑप्शन चुन सकते हैं।

**प्रड्यूसर ने कहा- दो गाने की वजह से हुई डीले**

हालांकि, इसी बातचीत में प्रड्यूसर रमेश तुरानी ने कहा– नहीं, बात ऐसी नहीं है, हमने पहले 28 जून की तारीख अनाउंस की थी लेकिन डीले दो गाने की वजह से हुई जिसकी शूटिंग पेंडिंग थी।

**हमारी पशो के चमकने का वक्त लगभग आ ही गया है**

हाल ही में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने इश्क विश्क रिबाउंड की रिलीज डेट अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था और पश्मीना का उत्साह बढ़ाया था। उन्होंने लिखा था– हमारी पशो के चमकने का वक्त लगभग आ ही गया है। इसी के साथ उन्होंने ढेर सारी रेड हार्ट इमोजी और लाफ्टर इमोजी भी शेयर की थी। उन्होंने एक लाइन और लिखी थी– मेरी लिट्स क्यूटलेट, अब और इंतजार नहीं कर सकती।

# जिम नहीं जा सकते ? तो घर पर कूदकर करें ये एक्सरसाइज



*अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है और आप घर पर ही रहकर फिट होना चाहते हैं, तो यह एक एक्सरसाइज आपके लिए काफी लाभदायक हो सकती है और वो है जंपिंग जैक। यह एक्सरसाइज आपमें कई हेल्थ प्रॉब्लम के रिस्क को भी कम करती है।*

क्या आपको पता है कि जंपिंग जैक्स एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो वेट लॉस के साथ कई बीमारियों के रिस्क को भी कम करती है। यह एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसमें हमारा पूरा शरीर वर्क करता है। यह एक्सरसाइज हमारे स्टेमिना को बढ़ाने के साथ कई डिजीज और तनाव भी कम करने में मदद करती है। जंपिंग जैक दिल, फेफड़े और मसल्स के लिए भी एक अच्छा व्यायाम है। यह एक हाई–इंटेंसिटी एक्सरसाइज है, जो कैलोरी को तेजी से बर्न करती है। साथ ही ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहने से कई बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके स्वास्थ्य फायदों के बारे में यहां जानिए।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद**
यह व्यायाम आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। यह एक कार्डियो एक्सरसाइज है और इसे करने से हार्ट और फेफड़े जैसे अन्य अंगों में रक्त संचार भी अच्छे से होता है। शोध बताता है कि एक्सरसाइज करने से हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम तेजी से कम होता है।

**तनाव कम करने में मददगार**
जंपिंग जैक करने से एंडोर्फिन हार्मोन का सिक्रीशन होता है, जिससे तनाव दूर होता है। इस व्यायाम को करते हुए जब हम कूदते हैं, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। दिमाग को ज्यादा पोषण और ऑक्सीजन मिलती है जिससे मूड सुधरता है।

**मांसपेशियों की मजबूती**
जंपिंग जैक करने से आपकी मांसपेशियां को मजबूत मिलती है। यह मसल्स टोनिंग का काम करता है और इसे करने से पेट, बट, पीठ और चेहरे की मसल्स टोंड होती है।

**नींद अच्छी आती है**
जंपिंग जैक से बॉडी में गुड हॉर्मोन का सिक्रीशन होता है, जिससे आपकी नींद न आने की परेशानी दूर होती है। तनाव कम करके भी यह गहरी और सुकूनदायक नींद दिलाती है।

**तेजी से वेट लॉस**
चूंकि जंपिंग जैक एक हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज है, तो यह कैलोरी को भी तेजी से बर्न करती है और वजन घटाने में भी सहायक हो सकती है। इस एक एक्सरसाइज से आपकी बॉडी का फैट कम हो सकता है और वो टोन्ड होती है। इसे घर पर भी आप आसानी से कर सकते हैं।



## पेट में जाते ही जहर बन जाता है ये रायता, ये चीजें मिलाने से दही बनती है जहरीली

रायता एक हेल्दी रेसिपी है। गर्मी में यह हाइड्रेशन, डायजेशन बढ़ाने और पेट को ठंडा रखने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक रायता आपके शरीर के लिए बिल्कुल हेल्दी नहीं है। क्योंकि इन्हें बनाने के लिए ऐसी चीजों को मिलाया जाता है, जिनका कॉम्बिनेशन आयुर्वेद खतरनाक मानता है। न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर के मुताबिक दही के साथ 7 चीजें नहीं मिलानी चाहिए। यह स्लो पॉइजन की तरह काम करती हैं। इन्हें खाने से सबसे पहले पेट को नुकसान पहुंचता है और इरिटेबल बावल सिंड्रोम के कारण पेट दर्द, पेट फूलना, अफारा–गैस, अपच, उल्टी, खट्टी डकार भी आ सकती है। आयुर्वेद के अनुसार दही और खीरा को मिलाकर नहीं खाना चाहिए। इन्हें साथ में खाने से बलगम और कफ बनता है। यह साइनस कंजेशन का कारण बन सकता है। इसलिए इस कॉम्बिनेशन की जगह खीरा और दही को अकेला खा सकते हैं। आयुर्वेद में दही की तासीर भारी और खट्टी बताई गई है। वहीं फाइड फूड भारी और पचने में मुश्किल बताया गया है। दोनों को साथ में खाने से इसका पाचन बिगड़ सकता है और अपच–गैस बन सकती है। दही में कभी भी रिफाइंड नमक या चीनी मिलाकर नहीं खाना चाहिए। इन दोनों चीजों में पोषण नहीं होता। साथ ही दही में मिलाने से यह इसके बैक्टीरिया को कम कर देती हैं जिससे दही का भी फायदा नहीं मिलता। दही के साथ मांस या सीफूड खाना बिल्कुल अच्छा ऑप्शन नहीं है। यह पेट की दिक्कतें या आईबीएस बन सकता है।

## हार्ट में ब्लड सर्कुलेशन को तेज कर देते हैं ये फूड

क्या आपको पता है हमारे शरीर में खराब ब्लड सर्कुलेशन कई घातक बीमारियों का कारण बन सकता है, खासतौर पर हार्ट प्रॉब्लम का। शरीर के सभी अंग अच्छे से फंक्शन करने के लिए सही ब्लड फ्लो का होना बहुत जरूरी है। सही ब्लड फ्लो और सर्कुलेशन से आर्टरीज के माध्यम से सेल्स में ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स पहुंचता है। हमारे शरीर में खराब ब्लड सर्कुलेशन होने के कई कारण हो सकते हैं। कुछ लाइफस्टाइल फैक्टर और मेडिकल कंडिशंस भी सर्कुलेशन को प्रभावित करती हैं। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार हमारे अच्छे हेल्थ के लिए शरीर में सही ब्लड सर्कुलेशन का होना बहुत जरूरी हैं, नहीं तो इसका प्रभाव हार्ट सहित लिवर और किडनी जैसे अंगों पर भी पडेगा। इन तमाम सस्याओं से बचने के लिए अपनी डाइट में कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें, जो आपके ब्लड सर्कुलेशन को अच्छा बनाते हैं। अखरोट में अल्फा–लिनोलेनिक एसिड से भरपूर होता है और ओमेगा–3 फैटी एसिड का एक प्रकार है, जो शरीर में रक्त संचार को बढ़ाने में मदद करता है। अमिगडलिन और विटामिन ई भी होता है, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

## भारत के 4 मसालों में कैंसर पैदा करने वाला केमिकल, विदेश में लगा बैन



भारत के मसालों का जिक्र किए बिना दुनिया का इतिहास पूरा नहीं किया जा सकता है। भारतीय आर्थिक व्यवस्था की शुरुआत से लेकर मजबूती तक इनकी भूमिका अहम रही है। भारत को मसालों का देश भी कहा जाता है और यहां के मसालों की क्वालिटी दुनिया में सबसे बेस्ट है। स्वास्थ्य के लिहाज से मसालों का सेवन बहुत लाभकारी होता है। यह इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, पाचन सुधारते हैं और कई सारे रोगों के खिलाफ सुरक्षा देने का काम करते हैं। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया कहता है कि कभी भी खुले मसालों को नहीं खरीदना चाहिए। इनमें हानिकारक मिलावट हो सकती है और हमेशा डिब्बाबंद व प्रतिष्ठित ब्रांड के मसाले इस्तेमाल करें। लेकिन भारत के ही दो बड़े ब्रांड के 4 मसाले हॉन्ग कॉन्ग में फेल हो चुके हैं। हॉन्ग कॉन्ग की फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने इनके अंदर कैंसर पैदा करने वाला तत्व ज्यादा मात्रा में पाया है। हॉन्ग कॉन्ग के साथ सिंगापुर में ये बैन हो चुके हैं। टेस्टिंग में एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स्ड मसाला पाउडर, करी पाउडर मिक्स्ड मसाला पाउडर और ऐवरस्ट के फिश करी मसाला के सैंपल फेल हुए।

# गर्मी में सूरज नहीं ये चीजें आपको देंगी प्योर विटामिन डी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*विटामिन डी शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण विटामिन है, इसकी कमी से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और बोन डेंसिटी घटने लगती है। विटामिन डी हड्डियों के साथ दांतों के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। यह विटामिन कैल्शियम और फॉस्फेट के सही अवशोषण और संरक्षण में मदद करता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। विटामिन डी की कमी के कारण हड्डियां कमजोर तो होती हैं, साथ में ओस्टियोपोरोसिस का खतरा भी बढ़ जाता है। विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत सूर्य की किरणें हैं, लेकिन इस गर्म मौसम में धूम में बैठना संभव नहीं है। तो ऐसे में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए खाने में कुछ चीजें शामिल करना भी अच्छा विकल्प हो सकता है।*

**दही**
गाय के दूध से बनी दही का सेवन करने से आपको विटामिन डी प्राप्त हो सकता है। शरीर में विटामिन डी की कमी न हो इसलिए ताजे दही का सेवन रोज करें। यह आपके पेट के लिए भी फायदेमंद है। दही के अलावा दूध, पनीर और योगर्ट विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं।



**अंडे**
विटामिन डी के लिए अंडे का सेवन एक अच्छे स्रोत हैं, खासकर अंडे की पीली भाग। अंडे में विटामिन डी, प्रोटीन, विटामिन बी12 जैसे अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।

**पालक**
पालक के कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं, उनमें से एक विटामिन डी भी है। पालक में प्रोटीन, आयरन, विटामिन और मिनरल्स की भी मात्रा पाई जाती है। पालक में अल्फा लिपोइक एसिड मौजूद होता है, जो एक तरह का एंटीऑक्सीडेंट है, जो कई बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

**गाजर**
विटामिन डी के लिए आप गाजर को भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें विटामिन सी और अन्य कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। गाजर में फैट की मात्रा न के बराबर होती है, इसलिए यह वेट लॉस में भी हेल्प करता है।

**मछली**
विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए मछली भी एक अच्छा सोर्स है। सैल्मन, मांगरोल, टूना, मैकेरल, और हेरिंग जैसी मछलियों में विटामिन डी सबसे ज्यादा पाया जाता है।



जबरा फैन को गेम जीतकर 2 प्वाइंट्स गिफ्ट किए

## चेन्नई के फैंस के सैलाब के बीच लखनऊ के इकलौते फैन ने लूटी महफिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सीएसके को हराकर एक बड़ी जीत हासिल की। एक पल ऐसा लग रहा था कि ये मैच सीएसके की झोली में जाएगा, लेकिन मार्कस स्टोइनिस की नाबाद शतकीय पारी के दम पर लखनऊ ने यह मुकाबला जीत लिया। 211 रन का पीछा करते हुए लखनऊ की टीम ने 3 गेंद बाकी रहते ही मैच अपने नाम किया। चेन्नई के ग्राउंड में पीली जर्सी पहने दर्शकों से स्टेडियम का नजारा ही अलग लग रहा था। इस बीच चेपॉक का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लखनऊ सुपर जायंट्स के जबरा फैन येलो आर्मी के बीच में अकेले बैठा हुआ है। यह उस वक्त का वीडियो है, जब लखनऊ की टीम अपने जीत के बेहद करीब थी। जैसे ही लखनऊ की टीम ने सीएसके के खिलाफ मैच जीता, तो वह खुशी के मारे झूमता नजर आया और सभी सीएसके फैंस उसे देख मायूस हो गए। कैमरामैन ने चेपॉक में लखनऊ के उस फैन को अपने कैमरे में स्पॉट किया जो कूद–कूदकर अपनी खुशी जाहिर करता नजर आया।

इस वीडियो के वायरल होने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा कि खुद उन्होंने भी उस फैन को बड़ी स्क्रीन पर देखा था। जोंटी ने कहा कि लखनऊ को काफी खुशी हुई, जो उन्होंने उस जबरा फैन को गेम जीतकर 2 प्वाइंट्स गिफ्ट किए। दरअसल, सीएसके को अपने होम ग्राउंड में लखनऊ के हाथों 6 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी।

# शिवम दुबे को भारतीय टीम में शामिल करने की गुहार

**क्रिकेट**

## टी20 वर्ल्डकप के लिए जल्द ही भारतीय टीम की घोषणा होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए जल्द ही भारतीय टीम की घोषणा होगी। पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना ने प्रमुख चयनकर्ता अजित आगरकर से चेन्नई सुपरकिंग्स के स्टार खिलाड़ी को भारतीय टीम में शामिल करने की गुजारिश की है।

रैना ने 30 साल के ऑलराउंडर शिवम दुबे को भारतीय टीम में शामिल करने पर जोर दिया, जिन्होंने मौजूदा आईपीएल में अपने दमदार प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया है। दुबे ने मंगलवार को आईपीएल 2024 के 39वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ 66 रन की उम्दा पारी खेली थी।

शिवम दुबे और रुतुराज गायकवाड़ (108') की उम्दा पारियों की मदद से सीएसके ने 210/4 का स्कोर बनाया। दुबे ने केवल 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के की मदद से नाबाद 66 रन बनाए। रैना ने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए शिवम दुबे को भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए।



सुरेश रैना ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अजित आगरकर से गुजारिश की कि दुबे को वर्ल्डड कप के लिए जगह मिल जाए। रैना ने पोस्ट किया, शिवम दुबे के लिए वर्ल्ड कप आ रहा है। अजित आगरकर भाई सेलेक्ट करो प्लीज।

रैना ने आईपीएल के पोस्ट को शेयर करते हुए शिवम दुबे के लिए गुजारिश की, जिसमें दिखा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 1000 रन पूरे कर लिए थे।

शिवम दुबे ने मौजूदा आईपीएल में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया है। सीएसके के ऑलराउंडर ने मौजूदा सीजन में अब तक 8 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 311 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 51.83 की औसत और 169.95 के स्ट्राइक रेट से यह रन बनाए। उल्लेखनीय है कि ऑलराउंडर होने के बावजूद शिवम दुबे को अब तक मौजूदा सीजन में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम अपने कप्तान और ऑलराउंडर की शानदार पारियों के बावजूद लखनऊ के खिलाफ मैच जीतने में नाकाम रही।

# क्रिकेट के भगवान ने मनाया अपना 51वां जन्मदिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्रिकेट के भगवान का 51वां जन्मदिन है। भले ही उन्होंने साल 2013 में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, लेकिन आज भी जब वो स्टेडियम में कदम रखते हैं तो फैंस श्सचिन–सचिनश चीयर करना नहीं भूलते। 100 शतक जड़ने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज के जन्मदिन पर दुनियाभर के क्रिकेटर्स उन्हें बधाई दे रहे हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने लिखा,जन्मदिन मुबारक हो पाजी! मैदान पर गेंदबाजों की धुनाई करने से लेकर जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने तक, आप ही वह कारण हैं जिससे मैंने जीवन में ऊंचे लक्ष्य बनाना सीखा, मैं आपके लिए ढेर सारा प्यार, अच्छे स्वास्थ्य और हमेशा खुशियों की कामना करता हूं।

**■युवी–सुरेश से लेकर जय शाह तक ने लिखा ये प्यारा मैसेज**

सुरेश रैना ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो पाजी(सचिन तेंदुलकर) आपके शानदार करियर ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और मैदान के अंदर और बाहर आपकी कृपा मानक स्थापित करती रहती है। आपके शानदार कवर ड्राइव की तरह आपके शानदार स्वास्थ्य, प्रसन्नता की कामना करता हूं।

प्रज्ञान ओझा ने लिखा,जन्मदिन की बहुत–बहुत शुभकामनाएं पाजी! आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशी की कामना करता हूँ। सच कभी छुपता नहीं है, ठीक है वेसे ही तुम्हारी चमक आने वाली मूर्ति को हमेशा के लिए दिशा मिल जाएगी। ठीक वेसे ही आपकी चमक आने वाली पीढ़ियों को सदैव दिशा दिखाती रहेगी।

बीसीसीआई कोषाध्य जय शाह ने लिखा, फ्क्रिकेट के महान खिलाड़ी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। चूंकि वह 51 वर्ष के हो गये! उन्होंने बल्ले से अपनी वीरता और मैदान के अंदर और बाहर चरित्र के बेदाग प्रदर्शन से दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मास्टर ब्लास्टर को हार्दिक शुभकामनाएं।

सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में 18,426 रन और टेस्ट क्रिकेट में 15,921 रन बनाया है। सचिन ने 100 शतक बनाए, जिसमें वनडे में 49 और टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक शामिल थे। सचिन ने 2013 में वानखेड़े स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने 200वें टेस्ट मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारत के लिए 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में तेंदुलकर ने 34,357 रन बनाए।

## अब शतरंज की बिसात पर उभरा नन्हा सितारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय शतरंज आजकल ऊंची उड़ान पर है। यह साबित हुआ कैंडिडेट चेस टूर्नामेंट में। इसमें तीन भारतीय खिलाड़ियों ने भाग लिया और जीते 17 साल के डी गुकेश। विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले गुकेश दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने सबसे कम उम्र में यह गौरव हासिल किया है। उनसे पहले यह रिकॉर्ड गैरी कैसपराव के नाम था। उन्होंने 1984 में 22 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। गुकेश ने अब भारत में आनंद के बाद दूसरा विश्व चैंपियन बनने की उम्मीद बंधाई है। वह विश्व चैंपियन डींग लेरेन को चुनौती देंगे। नंबर 1 की लड़ाई। भारतीय शतरंज में आए बदलाव को इस तरह समझा जा सकता है कि आनंद लगातार 36 बरसों तक देश के नंबर एक खिलाड़ी रहे थे। ये सभी खिलाड़ी लाइव रेटिंग में एक–दूसरे को पीछे छोड़ते दिखे हैं।

## न्यूज डायरी



## सचिन तेंदुलकर के महारिकॉर्ड, जिनका टूटना लगभग असंभव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 24 अप्रैल को सचिन तेंदुलकर का 51वां जन्मदिन है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने अपने करियर में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। उनका सबसे मशहूर रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाना है, लेकिन 100 शतक के अलावा हम आपको सचिन तेंदुलकर के ऐसे रिकॉर्ड बताएंगे, जिन्हें तोड़ पाना लगभग असंभव है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ने सबसे ज्यादा 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने 264 बार 50 रनों का आंकड़ा पार किया, जिसमें 100 शतक और 164 अर्धशतक शामिल रहे। सचिन तेंदुलकर सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले बल्लेबाज है। सचिन ने 200 टेस्ट मैच खेले हैं। मौजूदा वक्त में टेस्ट क्रिकेट इतना ज्यादा नहीं खेला जाता है। ऐसे में अगर कोई खिलाड़ी 100 टेस्ट भी खेलता है तो यह आजकल बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। हालांकि, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अब तक 187 टेस्ट मैच खेल लिए हैं। सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा चौके लागने वाले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 664 मैच की 782 पारियों में 4076 चौके लगाए। लिस्ट में दूसरा नाम कुमार संगाकार का है, जिन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में 3015 चौके लगाए हैं।

## रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनकी टीम ने ओस के कारण मैच गंवाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल 2024 के 39वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स के हाथों 3 गेंदें शेष रहते 6 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी। सीएसके का अपने होमग्राउंड पर रिकॉर्ड शानदार है, लेकिन एलएसजी ने उसे शिकस्त देकर तगड़ा झटका दिया। चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने हार के लिए ओस को दोषी ठहराया है। रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कड़वी दवाई निगलना है, लेकिन अंत में लखनऊ सुपरजायंट्स ने शानदार खेल दिखाया। हम 13वें ओवर तक मैच में बने हुए थे, लेकिन स्टोइनिस की तारीफ करनी होगी कि मैच का रुख बदल दिया। ओस ने बड़ी भूमिका निभाई। ओस ने स्पिनर्स से मैच दूर कर दिया। हम मैच को और गहराई तक ले जाते, लेकिन यह खेल का हिस्सा है। आप अनियंत्रित चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। रुतुराज गायकवाड़ ने मैच के बाद बताया कि रवींद्र जडेजा को नंबर–4 पर बल्लेबाजी के लिए क्यों भेजा और शिवम दुबे की लेट एंट्री क्यों हुई। रुतुराज गायकवाड़ ने कहा, हमने पावरप्ले में दूसरा विकेट गंवाया और तब रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी करने आए। हमारी प्रक्रिया स्पष्ट है कि जब भी विकेट गिरेगा तो जडेजा बल्लेबाजी करने आएंगे।

## मार्कस स्टॉइनिस ने वो कर दिखाया, जो कोई नहीं कर सका था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के बल्ले ने अकेले दम ऐसा तूफान खड़ा किया कि चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ गईं। स्टोइनिस ने सिर्फ 63 बॉल में 124 रनों की धुआंधार अविजित पारी के दम पर लखनऊ को चेन्नई के होम ग्राउंड पर उसके खिलाफ छह विकेट से जोरदार जीत दिला दी। इसके पहले लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड पर सीएसके को शिकस्त दी थी। इस तरह वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जब वह मैदान पर चौके और छक्के उड़ा रहे थे तो रणनीति के सबसे बड़े सूरमा एमएस धोनी विकेट के पीछे खड़े सिर्फ दर्शक बने रहे। रिजल्ट हर किसी के सामने है। उन्होंने पॉल वल्थाटी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2011 में मोहाली में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के ही खिलाफ नाबाद 120 रन ठोकते हुए हर किसी को हैरान कर दिया था। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की नॉट आउट सेंचुरी (60 बॉल में 108 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) और ऑलराउंडर शिवम दुबे के चिर–परिचित अंदाज में पावर पैक्ड पचासे (27 बॉल में 66 रन, 3 फोर, 7 सिक्स) की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। लेकिन, यहां से स्टोइनिस ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पारी में तीन गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य के पार पहुंचा दिया।





## संक्षिप्त समाचार

### ई टिकट मशीन का इंटरनेट बंद करने पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता** देहरादून। ई टिकट मशीन का इंटरनेट और सिम बंद करने वाले कंडक्टरों पर अब कार्रवाई होगी। महाप्रबंधक (संचालन) दीपक जैन ने इसके आदेश कर दिए हैं। आदेश में कहा कि कुछ कंडक्टर रूट पर ई टिकट मशीन का इंटरनेट और सिम बंद कर रहे हैं, जिससे कंडक्टरों की कार्यप्रणाली पर संदेह होता है। उन्होंने चेताया कि अपरिहार्य कारणों से यदि इंटनरेट और सिम बंद करने की जरूरत पड़ती है तो इसकी डिपो के सहायक प्रबंधक से अनुमति दी जाए। यदि कोई कंडक्टर बेवजह बंद करता है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जागर बिना जिंदगी बेरंग है: बसंती बिष्ट

**संवाददाता** देहरादून। पद्मश्री डॉ. बसंती देवी बिष्ट ने जागर गाकर उत्तराखंड की संस्कृति से छात्र–छात्राओं को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि जागर के बिना जिंदगी बेरंग है। डॉ. बसंती देवी बिष्ट बुधवार को ग्राफिक एरा में छात्र–छात्राओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोकगीतों व लोक कथाओं में श्री कृष्ण का महत्वपूर्ण उल्लेख है। पीढ़ियों से चलते आ रहे जागरों में भी वे विद्यमान है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण के जन्म, कंस के अत्याचारों व अन्य घटनाओं का जिक्र भी जगरों में किया गया है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को जाकर गाकर सुनाया और उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने का आवाहन किया।

### धूमधाम से निकाली भगवान महावीर की प्रतिमा पालकी यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर बुधवार को क्षुल्लक रत्न समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में पालकी यात्रा जैन भवन (जैन धर्मशाला) से निकाली गयी। भक्तगण पालकी में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को विराजमान कर भक्तिभाव के साथ झूमते गाते गली–गली भगवान के जयकारों के साथ पहुंचे। पालकी यात्रा का समापन झंडा बाजार स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी पर हुआ।

### आयुष अध्यक्ष और हिमांशु बने सचिव

**संवाददाता** ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में अर्थशास्त्र विभाग की विभागीय परिषद का गठन किया गया, जिसमें आयुष को अध्यक्ष और हिमांशु खंडूड़ी को सचिव बनाया गया। बुधवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के अर्थशास्त्र विभाग संकाय में कार्यक्रम हुआ, जिसमें विभागीय परिषद का गठन करते हुए आयुष को अध्यक्ष, अभिनव गुप्ता को उपाध्यक्ष, हिमांशु खंडूड़ी को सचिव, विवेक राजभर को कोषाध्यक्ष, शिवम अग्रवाल को सह सचिव सर्वसम्मति से चुना गया।

# महिलाएं समाज के प्रगतिशील बदलाव की प्रतीकः राष्ट्रपति

**दीक्षांत समारोह**

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय वन सेवा के परिवीक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह में किया प्रतिभाग

■ राष्ट्रपति ने परिवीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किये

**संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में प्रशिक्षणरत व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के भारतीय वन सेवा के परिवीक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने परिवीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किये।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय वन सेवा के 2022 बैच के सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस बैच में 10 महिला अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के प्रगतिशील बदलाव की प्रतीक हैं। राष्ट्रीय वन अकादमी की पर्यावरण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय वन सेवा के अधिकारियों पर जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये




अधिकारी अपने इस अप्रतिम दायित्व के प्रति सजग और सचेत होंगे एवं पूर्ण निष्ठा से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा की हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ–साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि पृथ्वी की जैव–विविधता एवं प्राकृतिक सुंदरता का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हमें अति शीघ्र करना है। वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और संवर्धन के जरिए मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है। भारतीय वन सेवा के पी. श्रीनिवास, संजय कुमार सिंह, एस. मणिकन्दन जैसे अधिकारियों ने ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राण न्योछावर किए हैं।

राष्ट्रपति ने भारतीय वन अकादमी के विशेषज्ञों से अपेक्षा की कि जलवायु की आपातकालीन स्थिति को देखते हुए प्रशिक्षार्थियों के पाठ्यक्रम में यथोचित संशोधन करने पर विचार करें। विश्व के कई भागों में वन संसाधनों की क्षति बहुत तेजी से हुई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से हम क्षति–पूर्ति तेज गति से कर सकते हैं। विभिन्न विकल्पों का आकलन करके भारत की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप समाधान विकसित करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि विकास–रथ के दो पहिये होते हैं – परंपरा और आधुनिकता। आज मानव समाज पर्यावरण संबंधी कई समस्याओं का दंश झेल रहा है। इसके प्रमुख कारणों में विशेष प्रकार की आधुनिकता है, जिसके मूल में प्रकृति का शोषण है। इस प्रक्रिया में पारंपरिक ज्ञान को उपेक्षित किया जाता है। जनजातीय समाज ने प्रकृति के शाश्वत नियमों को अपने जीवन का आधार बनाया है। जनजातीय जीवन शैली मुख्यतः प्रकृति पर आधारित होती है। इस समाज के लोग प्रकृति का संरक्षण भी करते हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सदियों से जनजातीय समाज द्वारा संचित ज्ञान के महत्व को समझा जाए और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए उसका उपयोग किया जाए।

### अकादमी ने अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह के अवसर पर कहा कि यह समारोह हमारे राष्ट्रीय वन धरोहर के संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में नए योग्य नेतृत्व का उत्थान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय वन्य जीवन और वन्यजीव अध्ययन में उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्था के रूप में, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी ने अपने क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संस्था ने वन्य जीवन के प्रबंधन, और संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के मानकों को स्थापित किया है और नए अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।

# धामों में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने का विरोध

**विरोध**

■ टूर ऑपरेटर, होटल एसोसिएशन, टैक्सी एसोसिएशन ने राज्यपाल, सीएम को भेजा ज्ञापन

■ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था को भी बढ़ाने की मांग

**संवाददाता**

देहरादून। चार धाम यात्रा में धामों में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। टूर ऑपरेटर एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, टैक्सी एसोसिएशन समेत अन्य कई संगठनों ने खुलकर विरोध जताना शुरू कर दिया है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर किसी भी तरह की बंदिश न लगाने की मांग की है। ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन यात्रा पंजीकरण की भी व्यवस्था को सुनिश्चित किए जाने की मांग की।

अध्यक्ष अभिषेक आहलुवालिया ने कहा कि कोई भी ऐसा काम न किया जाए, जिससे पर्यटन पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका पर प्रभाव न पड़े। ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण को बढ़ावा देते हुए राज्य के सभी प्रवेश बिंदुओं पर ऑफलाइन पंजीकरण के काउंटर उपलब्ध कराए जाएं।

चार धाम होटल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कहा कि सीमित संख्या को तत्काल समाप्त करते हुए पंजीकरण स्लॉट को खोला जाए। अध्यक्ष अजय पुरी और सचिव प्रतीक कर्णवाल ने कहा कि संख्या सीमित करने की बजाय सरकार मेडिकल सुविधा, संचार सिस्टम, बिजली, पानी, पार्किंग, सड़कों की व्यवस्था को सुधारा जाए। डंडी कंडी, घोड़े खच्चरों की उचित व्यवस्था की जाए। हेली सेवाओं में होने वाली कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

हरिद्वार टैक्सी ड्राइवर एंड ऑनर एसेसिएशन, टैक्सी मैक्सी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने भी संख्या सीमित किए जाने का विरोध किया। श्री बदरीनाथ धाम होटल एवं लॉज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी यात्रा पंजीकरण के दौरान स्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं। इससे पिछले साल भी श्रद्धालुओं को बड़ी दिक्कतें हुई थी। इस सिस्टम को निरस्त किया जाए।

#### आदेश को किया जाए निरस्त

टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा कि प्रत्येक धाम में किसी भी संख्या की सीमाओं के आदेश को निरस्त किया जाए। धामों में दर्शन करने वालों की किसी भी तरह की कोई सीमा न रखी जाए।

### मुस्लिम आरक्षण लाकर देश को बांटना चाहती है कांग्रेस: बंसल

**संवाददाता** देहरादून। राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने कहा कि कांग्रेस मुस्लिम आरक्षण लागू कर देश को बांटना चाहती है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान नरेश बंसल ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक सर्वे के पीछे कांग्रेस के खतरनाक इरादे हैं। आरोप लगाया कि कांग्रेस का पंजा लोगों की संपति हड़पने का छिपा हुआ एजेंडा लेकर आया है। जिसका खुलासा स्वयं कांग्रेस के सलाहकार सेम त्रिपोदा ने कर दिया है। उन्होंने चुनौती दी कि कांग्रेस अपने छिपाए सच को स्वीकार करे या फिर उसे घोषणा पत्र से हटाए। कहा कि कांग्रेस माता–पिता से बच्चों को मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति अल्पसंख्यकों में बांटना चाहती है और उसके नेता लंबे समय से इसकी वकालत कर रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।